हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 8 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

12 बरसात के चलते जिले में डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में हुआ जलभराव



12 इंटरनेशनल रेसलर पूजा ढांडा की बिजनेसमैन से हुई सगाई



## खबर संक्षेप

### निगम की तहबाजारी टीम ने शहर से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार को टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत साउथ बाईपास से अतिक्रमण हटवा कर की। इसके बाद आईटीआई चौक, न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन मोड, जिन्दल चौक, पुष्पा कॉम्प्लेक्स के सामने ग्रीन बेल्ट से अतिक्रमण हटवाया। इसके साथ सिरसा रोड से बस स्टैण्ड तक अतिक्रमण हटाया। मेन गेट बस स्टैण्ड के सामने व ऋषि नगर रोड़ से रेहड़ी वालों को रोड़ पर लगाए पाए जाने पर रोड़ अतिक्रमण हटाया।

### उच्च पद दिलवाने के नाम पर की धोखाधड़ी

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने व्यक्ति को उच्च पद दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 7वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नोएडा व हाल मुंबई की कांदिवली स्थित गोकुल नगरी निवासी प्रकाश मिश्रा के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को उच्च पद दिलवाने के लिए की गई धोखाधड़ी में से पकड़े गए आरोपी ने 30 लाख रुपये लिए थे। स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** शहर हांसी पुलिस ने अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ चारकुतुब गेट निवासी सौरभ को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार शहर थाना पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान तिकोना पार्क के नजदीक एक व्यक्ति को रोक कर शक के आधार पर तलाशी ली गई तो उसके पास से 12 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुई।

### सिलेंडर सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने मिर्जापुर रोड से गैस सिलिंडर चोरी के मामले में आरोपी मिर्जापुर निवासी सिकंदर को गिरफ्तार किया गया है। उप निरीक्षक गौतम ने बताया कि थाना सदर में मिर्जापुर रोड निवासी मनदीप ने 5 अगस्त की शाम को उसके घर से गैस सिलेंडर चोरी होने के बारे शिकायत दी थी। इस पर केस दर्ज करके जांच करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपित से चोरीशुदा गैस सिलेंडर बरामद किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## नगर निगम चोर है, के नारों से गूंजा निगम परिसर

# नगर निगम में ढोल बजाकर किया प्रदर्शन, मेयर को घेरा

*मेयर ने ज्ञापन लेकर दिया जांच करवाने का भरोसा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करते हुए शहर की जवाब दो-हिसाब दो संस्था ने नगर निगम कार्यालय में ढोल बजाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मेयर प्रवीण पोपली के सामने नगर निगम चोर है के नारे लगाए गए। मेयर उनको अनदेखा करके जाने लगे तो लोगों ने रास्ते में ही उनको रोक लिया। मेयर से लोगों ने कहा कि निगम में हाउस टैक्स ब्रांच और बिल्डिंग ब्रांच में बहुत भ्रष्टाचार है। हम प्रूफ के साथ एफिडेविट देने को तैयार हैं आप कार्रवाई करने की हिम्मत दिखाओ। इस पर मेयर ने कहा कि मैं आप लोगों का ही ज्ञापन लेने आया हूं। आप लोगों ने मुझे चुना है। इसके बाद एक-एक कर शिकायतकर्ताओं ने अपनी बात सामने रखी। पीड़ितों ने बताया कि हाउस टैक्स ब्रांच में अनिल मेहता एक रिटायर्ड कर्मचारी को बैठाया हुआ है जो कई साल पहले रिटायर्ड हो चुका है मगर उसे अब हाउस टैक्स ब्रांच में बतौर एक्सपर्ट बैठाया हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता राजीव सरदाना ने आरोप लगाया कि अनिल मेहता का एक ही काम है कि कोई एनडीसी लेने आता है तो वह आपकी प्रॉपर्टी टीपी स्कीम में है। एक केस मेरा हो चुका है और एक केस मेरे जानकार का सामने आया। ऐसे कई मामले है जिनकी जांच होनी चाहिए और अनिल मेहता को यहां से हटाना चाहिए। नगर निगम में लोग बोले यहां मनीराम की चलती है। कोई सुनवाई नहीं हो रही।



हिसार। मेयर प्रवीण पोपली को ज्ञापन देते संस्था के पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### मेयर के सामने सुनाए भ्रष्टाचार के मामले

प्रदर्शनकारियों में शामिल संस्था के राजीव सरदाना ने कहा कि उन्हें हाउस टैक्स में एनडीसी लेनी थी। मैंने कृष्णा नगर एक्सटेंशन में मकान लिया था। मुझे अनिल मेहता ने कहा कि आपकी प्रॉपर्टी तो टीपी स्कीम में है। एनडीसी नहीं मिल सकती। आपको पहले साढ़े तीन लाख रुपये भरने होंगे। राजीव सरदाना ने कहा कि जब आरटीआई निकलवाई की कौन सा एरिया टीपी स्कीम में है तब पता चला कि कृष्णा नगर टीपी स्कीम में है मगर कृष्णा नगर एक्सटेंशन नहीं। ऐसा मामला बड़वाली ढाणी का सामने आया था जिसको टीपी स्कीम में दिखाकर चक्कर कटवाए जा रहे थे।

### कर्मचारी पर 30 हजार मांगने का आरोप

कमल कांत पचौरी ने आरोप लगाया कि हाउस टैक्स में तैनात एक कर्मचारी ने 30 हजार रुपए मांगे हैं। हाउस टैक्स के लिए डेढ़ साल से चक्कर कटवाया जा रहा है। इन्होंने याशी कंपनी हायर की थी उसने मेरी प्रॉपर्टी किसी और के नाम पर चढ़ा दी थी। वह बोला कि लीगल डॉक्यूमेंट लेकर डेढ़ साल से घूम रहा हूं। ऑनलाइन ऑब्जेक्शन लगाता हूं तो उसको निरस्त कर देते हैं।

### तीन बार मेरी फाइल ऑनलाइन रिजेक्ट की

एक शिकायतकर्ता रवि कुमार ने कहा कि वह हाउस टैक्स ब्रांच में एक महीने से लगातार चक्कर काट रहा है। हाउस टैक्स को ठीक करवाना था। मुझे अपनी प्रॉपर्टी कॉमर्शियल में बदलवानी है। मैंने 27 जून को ऑनलाइन एप्लीकेशन लगाई थी। निगम के बाद नियमानुसार 15 दिन का टाइम होता है फाइल अप्रूव्ड करने का, मगर तीन बार मेरी फाइल ऑनलाइन रिजेक्ट कर चुके हैं। आज तक मैं चक्कर काट रहा हूं मगर समाधान नहीं हो सका है।

### तहसीलदार की रजिस्ट्री को नहीं मानते निगम वाले

लोगों ने मेयर से कहा कि हमने बिल्डिंग ब्रांच और हाउस टैक्स शाखा से परेशान होकर नगर निगम में प्रदर्शन किया। हमें पता है हम सरकारी काम में बाधा पहुंचा रहे हैं मगर हम मजबूर है। हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही। यहां नई आईडी बनाने के नाम पर पैसे देने पड़ते हैं। हाउस टैक्स ठीक करने के नाम पर इनको पैसे चाहिए। ये लोग तहसीलदार की रजिस्ट्री को नहीं मानते। प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने के नाम पर लोगों को परेशान किया हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां मनीराम की पावर है। जहां कोई नहीं चलता वहां मनीराम चलता है। फाइनेंस डिपार्टमेंट उसको रिटायर कर चुका है मगर वह पूरे निगम में मनीराम पैसे सप्लाई करता है। इस पर मेयर प्रवीण पोपली ने इसकी जांच के लिए अधिकारियों को निर्देश दूंगा। निष्पक्ष जांच होगी और टाइम बाउंड भी जांच करेंगे।

## यूरिया खाद की किल्लत पर किसानों का फूटा गुस्सा

- किसानों ने सोसाइटी बैंक पर लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

धान की फसल के लिए यूरिया खाद की लगातार किल्लत से परेशान किसानों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। सीसर, खरबला और रोशन खेड़ा गांव के दर्जनों किसानों ने एकत्र होकर सहकारी समिति (पैक्स) के गेट पर प्रतीकात्मक रूप से ताला जड़ दिया। प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना था कि बीते कई दिनों से यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। धान की फसल में खाद की तत्काल आवश्यकता है, लेकिन सोसाइटी से उन्हें एक भी बैग खाद नहीं मिल पा रही।

भारतीय किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विकास सीसर ने बताया कि लगातार मांग के बावजूद विभाग और संबंधित अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। यदि एक-दो दिन में खाद नहीं मिली तो वे सोसाइटी को पूरी तरह से बंद करने का निर्णय लेंगे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कृषि विभाग के डीडीए राजवीर सिंह, हैफेड के महाप्रबंधक अनुराग गुप्ता और फैक्स मैनेजर राजेंद्र से फोन पर बात की। सभी ने आश्वासन दिया कि एक-दो दिन में खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी।



नारनौंद। पैक्स पर ताला लगाकर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

## गुजवि प्रशासन से सहमति बनने पर धरना स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में चल रहे धरने के चौथे दिन एनएसयूआई तथा गुजवि प्रशासन के साथ वार्ता सिरे चढ़ गई। इस पर एनएसयूआई ने धरना स्थगित करने की घोषणा की है। बता दें कि गुजवि में पिछले कुछ वर्षों से लगातार फीस में वृद्धि की जा रही थी। इसके खिलाफ एनएसयूआई ने कुलपति कार्यालय के सामने बेमियादी धरना शुरू किया था। जीजेयू एनएसयूआई अध्यक्ष विकास बनभौरी ने बताया कि गुरुवार को संगठन के पदाधिकारियों व विवि प्रशासन के बीच कुछ मांगों पर सहमति बन गई और फिलहाल धरना स्थगित कर दिया गया है। विकास ने बताया कि विवि प्रशासन ने एक साल की फीस वृद्धि को पूरी घटा दी है। दूसरी मांग हॉस्टल की थी जिसमें से प्रशासन ने बताया है कि 100 लड़कियों के लिए रहने का प्रबंध और कर दिया गया है। मेस डाइट का चार्ज न घटा के उसी पैसे में बेहतर गुणवत्ता का खाना दिए जाने का विवि प्रशासन ने भरोसा दिया है। भौतिक विभाग में बच्चों को जो दिक्कत आ रही थी। उसके लिए विभाग को सख्त आदेश देकर जांच करके समाधान करने का आदेश दिया है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ सलाहकार अजय बॉक्सर, एनएसयूआई चेयरमैन भागी राणा, आशु खानक, अंकित सुलखनी, ललित सोढ़ी, राहुल नैन, रोहित, टोनी पंडित, जश्मीत, सचिन मदनपुरा, विनीत ठाकुर, विक्की मदनपुरा, आर्यन मदनपुरा आदि मौजूद रहे।

## एनएचएम कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं



हिसार। सीएमओ कार्यालय के सामने नारेबाजी करते एनएचएम कर्मचारी।

- रक्षाबंधन पर बहनों से कलाई पर काली राखी बंधवाने की दी चेतावनी

**हिसार।** जिले में एनएचएम के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों की आमसभा का आयोजन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) की जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में नागरिक अस्पताल के प्रांगण में किया गया। इस दौरान एनएचएम कर्मचारियों ने उन्हें पिछले चार माह से वेतनमान न मिलने से नाराजगी जताते हुए सीएमओ कार्यालय के सामने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें वेतन न मिलने के कारण आंदोलन की चेतावनी दी गई। एनएचएम कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि रक्षाबंधन तक वेतन जारी नहीं किया गया, तो 9 अगस्त को सभी कर्मचारी काले रंग की राखी अपनी बहनों से बंधवाएंगे और जिला स्तर पर सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। इससे पूर्व सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनिल कुमार, जिला उपाध्यक्ष जयश्री, जिला मंत्री मनोज कौशिक, जिला कोषाध्यक्ष अंकित कुमार एवं मंजू ने बताया कि हरियाणा प्रांत में एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों का पिछले 4 माह से वेतन रोका गया है।

## हांसी के हाजमपुर गांव में सीएम फ्लाइंग की रेड

- टायर से तेल निकालने व टायर रिक्लेम सीट बनाने की फैक्ट्री पर 6 घंटे जांच
- प्रदूषण, अग्नि सुरक्षा व कराधान विभाग की टीमों ने की गहनता से जांच
- अनियमितताओं पर नोटिस व दस्तावेज कब्जे में लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हिसार रेंज सीएम फ्लाइंग की टीम ने गुरुवार को जिले के गांव हाजमपुर में स्थित दो फैक्ट्रियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 6 घंटे तक गहन जांच की। ये फैक्ट्रियां पुराने टायरों से तेल निकालने और टायर ट्यूब से टायर रिक्लेम सीट बनाने का कार्य कर रही थीं। रेड का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना ने किया। टीम में प्रदूषण नियंत्रण विभाग, अग्निशमन विभाग, कराधान विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव हाजमपुर में पुराने टायरों से तेल निकालने और रबर से टायर रिक्लेम सीट बनाने की फैक्ट्री है, जहां पर कुछ अनियमितता बरतने की आशंका है। इस पर विभिन्न विभागों की टीम के साथ फैक्ट्री में रेड की गई।



हांसी। हाजमपुर स्थित रबड़ निर्माण फैक्ट्री में मशीनों की जांच करते अधिकारी।

### जांच के प्रमुख बिंदु

प्रदूषण विभाग द्वारा फैक्ट्री की चिमनी से निकलने वाले धुएं का एयर सैंपल लिया गया जिसे पंचकूला लैब भेजा गया है। कराधान विभाग ने फैक्ट्री से खरीद-बिक्री से जुड़े बिल और दस्तावेज कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। अग्निशमन विभाग ने आवश्यक फायर सेफ्टी उपकरणों की कमी पर फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। फैक्ट्री में मौजूद 28,000 लीटर टायरों से निकाला गया तेल दो टैंकों में पाया गया।

### खरीद-फरोख्त के बिलों को कब्जे में लिया

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना ने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके पर फैक्ट्री के मालिक रौनक भी मौजूद रहे। रबड़ ट्यूब से टायर रिकलेम सीट की फैक्ट्री के पास प्रदूषण व अग्निशमन विभाग के लाइसेंस पाए गए। इसके धुंए के एयर सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं और खरीद बेच बिलो को जांच के लिए कराधान विभाग द्वारा कब्जे में लिया गया है।

### फायर सेफ्टी के नाम पर सिर्फ एक सिलेंडर मिला

इसके अतिरिक्त, परिसर में बहार इंटरनेशनल नामक एक अन्य फैक्ट्री भी पाई गई, जहां टायर से तेल निकालने का कार्य किया जाता था। यहां भी फायर सेफ्टी के नाम पर सिर्फ एक सिलेंडर पाया गया और अन्य कोई सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं थे। इस पर अग्निशमन विभाग ने नोटिस जारी किया है। उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### मौके पर मौजूद रहे अधिकारी

प्रदूषण विभाग के साइंटिस्ट दीपक, अग्निशमन विभाग के विनोद, जसवीर, राहुल, कराधान विभाग के निरीक्षक मोहित, खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रदीप सैनी, एएसआई सुरेंद्र और हेड कांस्टेबल विजय आदि इस रेड में शामिल रहे। सीएम फ्लाइंग टीम की रेड की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली, मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गांव में इस प्रकार की रेड को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना रहा

**अभियान** | अभियान के 7वें दिन निगम ने 55 पशुओं को पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

# एक सप्ताह में नगर निगम ने 347 बेसहारा पशुओं को पकड़ा

*31 अगस्त तक चलाया जाएगा अभियान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा एक अगस्त से 31 अगस्त तक बेसहारा पशुओं को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक नगर निगम प्रशासन शहर के अलग-अलग हिस्सों से 347 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण में भेज चुका है। इस बार निगम प्रशासन ने अभियान में बाधा डालने वाले पशुपालक पर भी सख्ती दिखाई हुई है।

अभियान के सातवें दिन गुरुवार को नगर निगम की टीम ने सेक्टर 16-17 से बेसहारा पशुओं को पकड़ने की शुरुआत की। इसके साथ ही साउथ बाइपास, कैमेरी रोड़, माल कॉलोनी, अर्बन एस्टेट-2, सेक्टर 1-4, कालीदेवी मंदिर, हनुमान कॉलोनी क्षेत्र से 55 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गांव ढंडूर के पास बने नगर निगम के गौ अभ्यारण में भेजा गया। अभियान के दौरान गणेश कॉलोनी से कुछ पशुपालकों ने पशु पकड़ने के दौरान पकड़े गए बेसहारा पशुओं को छुड़वाने की कोशिश की जिसमें वे नाकाम रहे। बता दें कि इस अभियान में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा को नोडल ऑफिसर, सहायक ऑफिस सुरेन्द्र वर्मा को सहायक नोडल ऑफिसर बनाया गया है। अभियान ड्यूटी मैजिस्ट्रेट सुमित महाजन रहे। अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने कहा कि इस अभियान के दौरान अगर कोई क्षेत्रवासी या पशुपालक बाधा उत्पन्न करेगा तो पशु क्रूरता एवं अन्य धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।




हिसार। बेसहारा पशुओं को पकड़ती नगर निगम की टीम।

### एक सप्ताह में पकड़े पशुओं का ब्योरा

1 अगस्त को 76 पशु
2 अगस्त को 10 पशु
3 अगस्त को 35 पशु
4 अगस्त को 57 पशु
5 अगस्त को 54 पशु
6 अगस्त को 60 पशु
7 अगस्त को 55 पशु

## बंद एमआईएस पोर्टल को लेकर की चर्चा

- जल्द ही पोर्टलों की समस्या को लेकर शिक्षा मंत्री व अधिकारियों से मिलेंगे : अत्री
- समस्या का समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

कई स्कूलों के बंद एमआईएस पोर्टल की समस्या के समाधान के लिए गुरुवार को हांसी प्राइवेट स्कूल संघ की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता सुनील मदान ने की। मीटिंग में संघ संरक्षक अनिल कुमार घरसा ने यूनियन की ओर से अध्यापक दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। संरक्षक तेलू राम रामायण वाला ने कहा कि वर्तमान समय में भी प्रदेश भर में कुछ विद्यालयों का एमआईएस पोर्टल बन्द है। इस पर प्रधान रविन्द्र अत्री ने कहा कि जल्द ही हांसी स्कूल यूनियन पोर्टलों की समस्या को लेकर शिक्षा मंत्री व अधिकारियों से मिलेगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में शिक्षा मंत्री से मिलने पर कुछ पोर्टलों को खोल दिया गया था, लेकिन इस समय भी कुछ विद्यालयों के एमआईएस पोर्टल बन्द है। इस समस्या का समाधान करवाने के लिए 12 अगस्त को निदेशक, मौलिक शिक्षा विभाग, हरियाणा, पंचकूला के संज्ञान में यह मामला लाया जाएगा और उसके बाद भी समस्या का समाधान नही होता है तो हरियाणा की तमाम यूनियनों को साथ लेकर शिक्षा निदेशालय पंचकूला के बाहर समस्या का हल होने तक अनिश्चितकालीन धरना लगाकर प्रदर्शन किया जाएगा।



हांसी। मीटिंग में भाग लेते हांसी प्राइवेट स्कूल संघ के सदस्य फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि हांसी प्राइवेट स्कूल संघ द्वारा इस वर्ष भी 5 सितम्बर को अध्यापक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा जिसमें प्रत्येक विद्यालय के एक सर्वश्रेष्ठ अध्यापक और दो सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन करके अवार्ड दिए जाएंगे। इस अवसर पर सतीश वर्मा, राजबीर वर्मा, रामअवतार सिंह, तिलकराज मेहन्दीरता, बलराज सिंह मुवाल, प्रेम खुराना, रविन्द्र अत्री, मनोज आहूजा, सुनील मदान, हर्षवर्धन, स. हरिन्द्र पाल सिंह, नवदीप बेरवाल, सतीश कुमार सहित काफी संख्या में स्कूल संचालक मौजूद थे।



बच्चो, बारिश के दौरान जब तुम घर से बाहर निकलते हो तो भीगने से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल जरूर करते होगे। क्या तुम जानते हो कि दुनिया के कई देशों में 'अंब्रेला म्यूजियम' यानी छाता संग्रहालय भी है? जानो, कुछ अंब्रेला म्यूजियम्स के बारे में।

# अलग-अनोखे हैं ये अंब्रेला म्यूजियम

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, बारिश का मौसम आते ही सबसे पहले याद आता है छाता। भीगने से बचाने का सबसे आसान जरिया छाता ही है। दुनिया भर में इसका इस्तेमाल सदियों से हो रहा है। सैकड़ों तरह के छाते देश-विदेश में प्रचलित हैं। तुम्हें जानकर अचरज होगा कि कुछ देशों में अनोखे छाता संग्रहालय भी मौजूद हैं। यहां तुम छातों के क्रमिक विकास और उनके विभिन्न प्रकारों के बारे में जान सकते हो।

## अंब्रेला एंड पारासोल म्यूजियम, इटली

इटली के पीडमोंट में मौजूद इस अनूठे छाता और छत्र (पारासोल) संग्रहालय की स्थापना 1939 में इगिनो एंब्रोसिनी (1883-1955) ने की थी। हालांकि वह खुद कृषि विज्ञानी थे, लेकिन छाता बनाना उनका पुश्तैनी कारोबार था। इसलिए छाते के प्रति उनको लगाव था। 1976 से इस संग्रहालय को वर्बानो-कुसियो-ओसोला प्रांत के गिग्नेस में स्थित दो-मंजिला इमारत में शिफ्ट कर दिया गया।

इस संग्रहालय में विभिन्न खंडों में छाते, छत्र और इनके निर्माण से जुड़ी सामग्रियों सहित 1,000 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनके माध्यम से दर्शक यहां 1800 के दशक के आरंभ से लेकर आज तक छतरियों के क्रमिक विकास को देख और समझ सकते हैं।

इस म्यूजियम में तरह-तरह के फीते, रेशम, सूती और सिंथेटिक फैब्रिक, लकड़ी, हड्डी और धातु के फ्रेम के साथ, लकड़ी में नक्काशीदार सुंदर हैंडल, हाथी दांत, मोती और चांदी जैसी बहुमूल्य सामग्रियों से बनी छतरियां भी दर्शकों को खूब लुभाती हैं। संग्रहालय की पहली मंजिल छाता बनाने वाले कारीगरों के पेशे को समर्पित है। यहां तुम दो विशाल छाते भी देख सकते हो, जिन पर चित्रकार फेलिस वेलन ने छाता बनाने वालों के जीवन का संक्षिप्त चित्रण किया है। संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुओं के लिए भी एक खंड समर्पित किया गया है, इसमें पूर्व रानी मार्गरिटा की छतरी प्रदर्शित की गई है।

## अंब्रेला कवर संग्रहालय, यू एस ए

यह संग्रहालय अमेरिका के पीक्स आईलैंड में स्थित है। इस मशहूर संग्रहालय का निर्माण नैंसी हॉफमैन ने वर्ष 1996 में करवाया। इस संग्रहालय को बनाने का विचार हॉफमैन के मन में तब आया जब वे एक अलमारी साफ कर रहे थे और उन्हें पुराने सात छाते मिले। संग्रहालय की शुरुआत हॉफमैन ने अपने घर की रसोई से की। जैसे-जैसे उनका संग्रह बढ़ता गया, इसे एक बड़े स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने यहां 66 देशों से बड़ी संख्या में छाते और छत्र संग्रह किए। इस संग्रहालय में 'लेट अ स्माइल बी योर अंब्रेला' गाते हुए अकॉर्डियन बजाते हुए हॉफमैन को अक्सर ही देखा जा सकता है। अंब्रेला कवर म्यूजियम का मिशन कहता है कि यह संग्रहालय रोजमर्रा की जिंदगी में दैनिक उपयोग की चीजों की सराहना के लिए समर्पित है। इस संग्रहालय में ढाई इंच की बार्बी डॉल की नन्ही सी छतरी से लेकर छह फुट लंबा छाता भी मौजूद है। 7 जुलाई 2012 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हॉफमैन के 730 छातों के संग्रह को दुनिया का सबसे बड़ा अंब्रेला म्यूजियम माना।


अंब्रेला कवर म्यूजियम, यूएसए

## चीन छाता संग्रहालय, चीन

चीन का हांगझोउ आर्द्र जलवायु वाला शहर है। यहां काफी बारिश होती है। हांगझोउ को चीनी छाते का जन्मस्थान भी माना जाता है। यहां के इस छाता संग्रहालय में तुम्हें छाते से जुड़े कई



सवालों के जवाब मिल सकते हैं। चीन के पहले छाता संग्रहालय के रूप में यह छाता संस्कृति, छाता इतिहास, छाता कथा और छाता निर्माण प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित करता है। इस संग्रहालय को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसके भीतर तुम्हें बारिश में खड़े होने का अहसास होगा। संग्रहालय के अंदर, मल्टीमीडिया उपकरणों द्वारा निर्मित आभासी बारिश का दृश्य और पानी का धुआं सा यानी कोहरा सा दिखाई देता है। संग्रहालय की दीवारों को टाइल ग्रे रंग से रंगा गया है। संग्रहालय के छह ब्लॉक्स में छतरियों की उत्पत्ति, विभिन्न श्रेणियां, कला-संस्कृति और आधुनिक छातों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा संग्रहालय के अंदर एक इंटरैक्टिव जोन भी है। जहां पर्यटक छतरियों के पुर्जे जोड़ने, छतरी रंगने और छतरियों की मरम्मत करने जैसी एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकते हैं। *

## देश में बन रहा रेन म्यूजियम

**बच्चो, अपने** देश में कोई छाता संग्रहालय तो नहीं है। लेकिन दुनिया के पहले रेन म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। बच्चो, दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान मेघालय के मॉसिनराम में दुनिया का पहला वर्षा संग्रहालय बनाया जा रहा है। तुम्हें बताते चलें कि मॉसिनराम, धरती का सबसे ज्यादा बारिश वाला स्थान है, जहां हर साल 11,000 मिमी से ज्यादा बारिश होती है। 35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस वर्षा संग्रहालय के अंदर पर्यटकों को वर्षा और इसके इतिहास के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इमेजिन करो, तुम एक ऐसे कमरे में प्रवेश कर रहे हो, जहां बारिश हो रही है। इस एक्सपीरियंस के लिए यहां एक इनडोर रेन जोन भी बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्षा के दौरान रेन म्यूजियम के भीतर भी इस पहाड़ी गांव से गुजरने के अनुभव को जीवंत बनाना है। भारत का मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और इसरो वास्तविक समय के डेटा का उपयोग करते हुए वर्षा को कैसे मापते हैं? जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में इसका क्या अर्थ है, इस पर यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।




बच्चो, रक्षाबंधन का इंतजार हर भाई-बहन को होता है। भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का महत्व बताने वाले इस त्योहार से जुड़ी अनेक कथाएं, किंवदंतियां और ऐतिहासिक किस्से हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

# कैसे शुरू हुआ रक्षाबंधन

पर्व
शिवानी छाया

बच्चो, भाई-बहन के प्यार और स्नेह को प्रकट करता है रक्षाबंधन का त्योहार। इस दिन बहनें अपने प्यारे भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, तिलक लगाती हैं और मिठाई खिलाती हैं। भाई भी अपनी प्यारी बहना को गिफ्ट देते हैं। साथ ही हमेशा अपनी बहन का साथ निभाने, उसकी रक्षा करने का वादा भी करते हैं। क्या तुमने कभी सोचा है कि रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत कब और कैसे हुई? जानो, इसके बारे में।



**रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाएं:** एक पौराणिक कथा के अनुसार राजा बलि, भगवान विष्णु के परम भक्त और महादानी थे। एक बार, राजा बलि ने यज्ञ करके स्वर्ग पर अधिकार करने का प्रयास किया, जिससे भयभीत होकर देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से मदद मांगी। भगवान विष्णु, वामन का रूप धारण कर राजा बलि के द्वार पर पहुंचे और उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी। राजा बलि ने इस मांग को स्वीकार कर लिया। वामन रूप धरे भगवान विष्णु ने तो एक पग में पूरी धरती और दूसरे पग में पूरा आकाश नाप दिया। अब क्या? अब वे तीसरा पग कहां रखें? तब राजा बलि ने अपना सिर आगे कर कहा कि आप अपना तीसरा पग मेरे सिर पर रख लीजिए। राजा की यह दानवीरता देख भगवान प्रसन्न हुए और राजा बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया और उनसे वरदान मांगने को कहा। राजा बलि ने भगवान विष्णु से वरदान मांगा कि आप मेरे साथ पाताल लोक में ही चलकर रहें। भगवान विष्णु राजा बलि के साथ पाताल लोक में रहने चले गए। इससे माता लक्ष्मी और सभी देवता चिंतित हो गए। माता लक्ष्मी एक गरीब महिला का रूप धारण कर महाराज बलि के पास पहुंची और उन्हें राखी बांधी। जब राजा बलि ने राखी के बदले में कुछ मांगने को कहा, तो माता लक्ष्मी अपने असली रूप में आ गईं और उन्होंने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को बैकुंठ धाम जाने दें। राखी का मान रखते हुए राजा बलि ने माता लक्ष्मी की बात मान ली। फिर भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ अपने धाम को लौट गए। बच्चो, हर साल हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन त्योहार मनाया जाता है, क्योंकि इसी तिथि को माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी।

एक दूसरी कथा महाभारत में वर्णित है- जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध किया, तो इस दौरान उनकी अंगुली घायल हो गई थी और उससे खून बहने लगा था। भगवान कृष्ण की अंगुली से खून बहते देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया। इस चीर (वस्त्र) के बदले में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को हर संकट से बचाने का वचन दिया। आगे चलकर अपने वचन का मान रखते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी रक्षा की।

**रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक किस्से:** कहा जाता है कि सिकंदर ने जब पोरस के राज्य पर आक्रमण किया तो सिकंदर की पत्नी रोक्साना ने राजा पोरस को राखी भेजकर युद्ध में सिकंदर को नुकसान न पहुंचाने का अनुरोध किया था।

एक अन्य प्रसंग चित्तौड़ की महारानी कर्णावती का है, जिन्होंने हुमायूं को राखी भेजकर अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने का निवेदन किया था। हुमायूं ने रानी कर्णावती को बहन माना और उनकी मदद की।

ब्रिटिश राज में, 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान देशवासियों को एकजुट करने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदुओं-मुसलमानों को एक-दूसरे को राखी बांधने का आह्वान किया था। *

कविता / वसीम अहमद नगरामी

## रक्षाबंधन के दिन



रक्षाबंधन के दिन तितली
चुपके-चुपके आई।
बोली, भंवरे भैया अपनी
आगे करो कलाई।
लाई हूं सुंदर सी राखी
लो भैया बंधवा लो,
मैंने बनाई खास मिठाई
लो थोड़ी सी खा लो।
भंवरे ने राखी बंधवाई
बड़े मजे से खाई मिठाई।
खुश होकर तब तितली बोली
जुग-जुग जियो मेरे भाई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मीठे-प्यारे गीत

बच्चो, कुछ समय पहले तुम्हारे लिए मीठे-मीठे प्यारे गीतों की एक किताब 'बचपन है फुलवारी' छपकर आई है। इसके लेखक हैं राजा चौरसिया। इस किताब में कुल 32 गीत हैं। इन गीतों को पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, इनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। कई गीतों में प्रकृति के संरक्षण और वृक्षों की महत्ता को बताया गया है। *'आओ बढ़ाएं इस धरती पर, वृक्षारोपण से हरियाली।'* कुछ गीतों में हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया है। जैसे- *'फूलों की कलियों सी भाए, मंद-मंद मुस्कान। तन-मन स्वस्थ, मस्त हैं रहते, हो न कोई नुकसान।'* कुछ बच्चे जरा सी परेशानी आने पर हताश हो जाते हैं। उनको अपना हौसला बढ़ाने के लिए इस किताब के कुछ गीत पढ़ने चाहिए। ऐसे ही एक गीत की पंक्तियां हैं, *'चाहे देर भले लग जाए, रंग परिश्रम लाता है। जिसमें रहती लगन निरंतर, वही सफलता पाता है।'* इनके अलावा कई और भी प्यारे गीत हैं। किताब के अंत में बच्चो, तुम एक मजेदार गीत 'चूहे का उत्तर' भी पढ़ सकते हो। *



**किताब:** बचपन है फुलवारी, **लेखक:** राजा चौरसिया
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर



कहानी
हरीश कुमार अमित

राखी का त्योहार आया तो अदिति ने अपने भाई क्षितिज को सरप्राइज देने की सोची। उधर क्षितिज ने भी अपनी बहन को सरप्राइज देने की सोच रखी थी। मजे की बात हुई कि अदिति-क्षितिज के मम्मी-पापा ने भी अपने बच्चों को ऐसा सरप्राइज दिया कि उनका राखी का त्योहार सबके लिए सरप्राइज भरा हो गया।

# सरप्राइज वाली राखी

रक्षाबंधन वाले दिन की सुबह अदिति अपने आप ही जाग गई थी, वरना स्कूल जाने वाले दिनों में तो हर रोज मम्मी को उसे जगाना पड़ता था। बिस्तर से उतरकर अदिति ने देखा कि उसका भैया क्षितिज, उससे पहले ही जाग चुका था। वह ब्रश कर रहा था। अदिति और क्षितिज जुड़वां भाई-बहन हैं। क्षितिज को देखते ही अदिति बोली, 'भैया, आज तो राखी वाला दिन आ गया है। अब तो अपना सरप्राइज बता दो।'

'अभी नहीं, बाद में बताऊंगा, और तुमने कब बताया अपना सरप्राइज?' क्षितिज अपनी आंखों की पुतलियां नचाते हुए बोला।

'मैं भी बाद में बताऊंगी।' अदिति यह कहकर हंस दी। 'ठीक है।' क्षितिज ने कहा और फिर नहाने चला गया। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अदिति और क्षितिज एक-दूसरे से कह रहे थे कि राखी वाले दिन एक सरप्राइज देंगे। थोड़ी देर बाद तैयार होकर अदिति, क्षितिज को राखी बांधने के लिए थाली सजाकर लाई। फिर कुर्सी पर बैठे क्षितिज के सामने डाइनिंग टेबल पर थाली रख दी। तभी मम्मी-पापा भी वहां आ गए।



अदिति जब क्षितिज को राखी बांधने लगी तो उसने बताया कि जो राखी वह बांधने जा रही है, वह उसने अपने हाथों से बनाई है। यह जानकर क्षितिज को आश्चर्य हुआ। वह बोला, 'अपने हाथों से...! अपने आप कैसे बना ली इतनी सुंदर राखी तुमने? यह तो बाजार में मिलने वाली राखी जैसी ही लग रही है।'

'इस राखी को मैंने बड़ी मेहनत से बनाया है। इसे बनाने के तरीके के बारे में टीचर जी से भी पूछा और मम्मी की मदद भी ली।' अदिति ने बताया।

अदिति ने राखी बांध दी तो क्षितिज ने पास ही रखी कपड़े से ढंकी किसी चीज पर से कपड़ा हटाया। एक रंग-बिरंगी गुल्लक अदिति की ओर बढ़ाते हुए वह बड़े स्नेह से बोला, 'यह मेरी तरफ से राखी का उपहार है।'

'अरे वाह, इतनी सुंदर गुल्लक!' गुल्लक को देखते ही अदिति बहुत खुश हो गई। 'इसे खुद बनाया है मैंने।' क्षितिज ने बताया। 'क्या, इसे खुद बनाया है तुमने, भैया?' अदिति ने अचरज से पूछा। 'हां, मैंने खुद बनाई है यह, राखी पर तुम्हें देने के लिए।' क्षितिज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया।

'लेकिन इसे तुमने बनाया कैसे?' अदिति ने सवाल किया। 'कार्ड बोर्ड, गोंद, सेलो टेप और रंगीन कागजों से बनाई है यह गुल्लक। इसे बनाने के लिए मैंने भी अपने स्कूल के टीचर जी की मदद ली और पापा से भी पूछा।' क्षितिज ने बताया। अदिति गुल्लक को हाथों में लेकर बोली, 'तुम्हारी बनाई गुल्लक मुझे बहुत पसंद आई।'

'तुमने भी तो बहुत सुंदर राखी बनाई है! कितनी प्यारी लग रही है! मैं इसे हमेशा संभालकर रखूंगा।' क्षितिज ने कलाई पर बंधी राखी पर बड़े प्यार से हाथ फेरते हुए कहा। अदिति बोली, 'भैया, तुम्हारी गुल्लक भी बहुत सुंदर बनी है। मैं भी इसे हमेशा संभालकर रखूंगी।'

तभी पापा क्षितिज से बोले, 'लेकिन राखी के त्योहार पर क्या तुम अपनी बहन को खाली गुल्लक ही दे रहे हो?'

'नहीं पापा, इसमें मैंने अपनी पॉकेट मनी से बचाकर रखे कुछ रुपए भी डाल दिए हैं।' क्षितिज बोला। 'कितने रुपए डाले हैं गुल्लक में?' मम्मी ने पूछा।

'मम्मी, यह भी सरप्राइज है।' क्षितिज ने हंसते हुए जवाब दिया।

'अच्छा तो तुम दोनों के सरप्राइज के बाद अब मेरी ओर से भी एक सरप्राइज है।' मम्मी ने मुस्कुराते हुए कहा तो सब उनकी ओर देखने लगे। 'आज मैंने तुम सबकी फेवरेट किशमिश वाली खीर बनाई है और साथ ही गरमा-गरम प्याज की कचौरियां भी।' मम्मी ने हंसते हुए बताया। 'वाह, मुंह में पानी भर आया है मम्मी!' क्षितिज खुशी से चहकते हुए बोला।

'आज तो बहुत मजा आएगा नाश्ते का।' खुशी से उछलते हुए अदिति भी बोली।

तभी पापा बोले, 'एक सरप्राइज मेरी तरफ से भी है..।' 'क्या सरप्राइज, पापा?' अदिति ने पूछा। क्षितिज भी उत्सुकता से पापा की तरफ देखने लगा। 'थोड़ी देर पहले तुम्हारी बुआ जी का फोन आया था। मुझे राखी बांधने के लिए उन्हें दिल्ली आना था, लेकिन आज सुबह उनके पैर में मोच आ गई है। इसलिए यहां आने का अपना प्रोग्राम उन्हें कैंसिल करना पड़ा है। अब हम सभी नाश्ता करके थोड़ी देर बाद आगरा चलेंगे, तुम्हारी बुआ जी के यहां जाने के लिए। कल इतवार की छुट्टी है। आज रात हम तुम्हारी बुआ जी के यहां रुक जाएंगे, कल वापस दिल्ली आने से पहले आगरा में ताजमहल, आगरा का किला, सिकंदरा वगैरह देख लेंगे।'

'अरे वाह पापा, तब तो खूब मजा आएगा!' क्षितिज ने कहा। 'यह तो दो दिन लंबी पिकनिक हो जाएगी।' अदिति भी खुशी से ताली बजाने लगी।

'इस बार की राखी बहुत मजेदार है।' क्षितिज बोला।

'सरप्राइज वाली राखी।' अदिति ने कहा तो बाकी सब हंसने लगे। *

कविता
डॉ. फहीम अहमद




## नेह बंधन

बहना करती है भाई का
प्यार भरा अभिनंदन।
रंग-बिरंगे लाई धागे,
बहना यही दुआएं मांगे,
भाई रहे सदा ही आगे।
नेह भरा बंधन है पावन,
प्यारा रक्षाबंधन।
सूरज जैसा दमके भाई,
चंदा जैसा चमके भाई,
नाम कमाए जग में भाई।
यश फैले जग में भाई का,
जैसे महके चंदन।
फूलों भरी सदा हो राहें।
भाई को सब लोग सराहें,
पाएं हर मंजिल जो चाहें।
फूलों सा जीवन हो उनका
है प्रभु से यह वंदन।
जगमग हो भाई का आंगन,
भरा रहे खुशियों से दामन,
बना रहे यह बंधन पावन।
रिश्तों में महसूस करें नित,
नेह भरा स्पंदन।।

## जीके क्विज-165

1. हाल ही में किस अभिनेत्री को बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला?
2. दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
3. भारत में पहली एसटीडी फोन सेवा देश के किन दो शहरों के बीच शुरू की गई थी?
4. सात हजार से अधिक प्रायद्वीपों का समूह कहां स्थित है?
5. भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता कौन थे?
6. ब्रिटिश काल में 'दीनबंधु' के नाम से कौन से महापुरुष प्रसिद्ध हुए थे?
7. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था?
8. भारत के पहले सुपर कंप्यूटर का नाम क्या था?
9. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
10. रिक्टर स्केल से क्या मापा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-165 का उत्तर 'बालभूमि' के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-164 का उत्तर : 1. 29 अगस्त, 2.दिव्या देशमुख, 3.उपराष्ट्रपति, 4.नई दिल्ली, 5.राष्ट्रपति, 6.बृहस्पति, 7.चिल्का झील, 8.राजस्थान, 9.त्वचा (स्किन), 10.विवेक एक्सप्रेस

जीके क्विज-164 का सही उत्तर देने वाले : चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, संजना-रोहतक, आद्या-उमरिया, सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, उमेश-धमतरी, नैतिक-मानपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, कबीर-हिसार

## रंग भरो-181

**रंग भरो-181** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




प्रगति, बिलासपुर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


आशना, जांजगीर


पूर्वी, बिलासपुर


आन्या, बिलासपुर


मानस, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सार्थक-रायपुर, वेदिका-बालोद, कनिका-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, प्रिया-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, राशि-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, डिंपल-करनाल, साकेत-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 182

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी अपने भाई राजू को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### राज्यस्तरीय स्मृति सभा 10 को सोनीपत में

**हिसार।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के संस्थापक महासचिव कामरेड शिवदास घोष की 49वीं बरसी पर 10 अगस्त को सोनीपत की छोटूराम धर्मशाला में राज्यस्तरीय स्मृति सभा का आयोजन किया जाएगा। इस सभा के मुख्य वक्ता पार्टी की केंद्रीय कमेटी के सदस्य कामरेड अरुण कुमार सिंह होंगे। यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने बताया कि हरियाणा राज्य सचिव राजेन्द्र सिंह भी सभा को संबोधित करेंगे। सभा की अध्यक्षता हरियाणा राज्य कमेटी के वरिष्ठ सदस्य अनूप सिंह मातनहेल करेंगे।

### पूर्व विधायक ने हिसार व आदमपुर में सुनीं समस्याएं

**हिसार।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने कहा है कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा के 11 साल विकसित भारत का अमृत काल रहा है। इसमें सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण की दिशा में नीतियां लागू की गई जो की हर वर्ग के उत्थान में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई हिसार स्थित पार्टी कार्यालय व आदमपुर आवास पर जनसमस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही अधिकारियों से बातचीत करके निपटारा करके लोगों से बातचीत करते हुए कही।

### आभूषण चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** नई सब्जी मंडी चौकी पुलिस ने चोरी के एक मामले में आरोपी शिव कॉलोनी निवासी दीपक उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही नरेश कुमार ने बताया कि 31 जुलाई को न्यू जवाहर नगर निवासी मीना ने अपने घर से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी होने की शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर एचटीएम थाना में केस दर्ज किया गया था।

### एक किलो सुल्फा के सप्लायर को किया काबू

**नारनौंद।** सीआईए स्टाफ नारनौंद पुलिस ने एक किलो सुल्फा के असल सप्लायर राममेहर उर्फ बन्टू निवासी लितानी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ नारनौंद में तैनात एएसआई फिरोज खान ने बताया कि आरोपित युवक ने पिछले दिनों बिजेन्द्र निवासी झांज कलां जिला जीन्द को एक किलो सुल्फा सप्लाई किया था। वह पुलिस की पकड़ में आ गया था। उसके खिलाफ थाना सदर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### डॉग स्क्वाड टीम सहित चलाया सर्च अभियान

**नारनौंद।** सीआईए नारनौंद मे तैनात एएसआई फिरोज खान व नारनौंद पुलिस ने नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए थाना नारनौंद क्षेत्र गांव लोहारी, मोठ रांगड़ान व मोठ करनैल में डॉग स्क्वाड टीम सहित संदिग्धों के निवास स्थान सहित अनेक जगहों पर सर्च ऑपरेशन के तहत जांच अभियान चलाया लेकिन सफलता हासिल नहीं मिली।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आदमपुर स्टेशन पर पुनर्विकास का कार्य शुरू

## 11.91 करोड़ की आएगी लागत, हेरिटेज लुक के साथ यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मंडी आदमपुर स्टेशन पर पुनर्विकास का कार्य प्रारम्भ हो चुका है और लगभग 19 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्य होगा। इस पर करीब 11.91 करोड़ की लागत आएगी। सौंदर्यवर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि इस स्टेशन के पुनर्विकसित होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, आवागमन सुगम होगा एवं व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित होगा। स्टेशन के पुनर्विकास से स्थानीय कारीगर एवं मजदूरों को रोजगार मिलेगा जिससे उनकी आय बढ़ेगी। बता दें कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर-पश्चिम रेलवे, बीकानेर मंडल के 15 स्टेशनों के अलावा 7 स्टेशनों पर भी पुनर्विकास कार्य होगा। इन 7 स्टेशनों में से मंडी आदमपुर स्टेशन पर पुनर्विकास का कार्य किया जा रहा है।





हिसार। स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य और पुनर्विकास कार्यों के बाद ऐसा होगा मंडी आदमपुर रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

### दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जाएगा

रेलवे अधिकारियों के अनुसार लगभग 11.91 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्त कार्यों के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग, तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जायेगा। स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अत्यन्त आकर्षक बनाया जाएगा, जिसकी छत पर स्थानीय कला एवं संस्कृति का समन्वय करते हुए कलाकारों द्वारा आकर्षक पेंटिंग की जाएगी। इन सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया जाएगा। इसके अलावा यात्री सूचना प्रणाली में सुधार के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्पले बोर्ड्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बड़े एलइडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक भी लगाया जाएगा। स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था, सुगम,निर्बाध एवं निरंतर तकनीकी रेल कार्यों के संचालन के लिए हरित ऊर्जा उत्पादन सोलर ऊर्जा प्लांट भी स्थापित किया जाएगा।

## विद्या देवी जिंदल स्कूल में 32वें जिंदल आर्ट फेस्टिवल का शुभारंभ

# युवाओं का झुकाव कला की ओर देखकर होती खुशी : बाबू जेवियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

विद्या देवी जिंदल स्कूल के संस्थापक स्व. ओमप्रकाश जिंदल के 95वें जन्मदिवस के अवसर पर दो दिवसीय 32वें जिंदल आर्ट फेस्टिवल का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस कला उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध केनवस कलाकार बाबू ज़ेवियर ने किया गया। विद्यालय की नन्ही-नन्ही छात्राओं ने तिलक लगाकर बाबू ज़ेवियर, विशेष अतिथि सुप्रसिद्ध चित्रकार मदनलाल, विशिष्ट अतिथि जिंदल स्टील के एचआर हेड प्रह्लाद चौधरी, ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल हिसार की प्रधानाचार्या नंदिता साहू एवं निर्णायकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि बाबू ज़ेवियर, निर्णायक मंडल के सदस्य, विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों, प्रशासक निखिल रुद्रा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप-प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि बाबू ज़ेवियर ने कहा कि कभी नहीं सोचा था कि वे बड़े होकर एक कलाकार बनेंगे। कला और संस्कृति एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। आज युवाओं का झुकाव कला की ओर देखकर बेहद खुशी होती है। प्रारम्भ में विज्ञान विषय से जुड़े होने के बाद भी मन में कला के प्रति विशेष लगाव रहा इसी लगाव ने मुझे एक कलाकार बना दिया। उन्होंने कहा कि मन में बसी हुई कला को दबाने की ज़रूरत नहीं है उसे उभरने दें निश्चित ही एक दिन सफलता प्राप्त होगी।



हिसार। दीप-प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते केनवस कलाकार बाबू ज़ेवियर। फोटो : हरिभूमि

### ये होंगी प्रतियोगिताएं

इस कला उत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में टेसेरा - टाइल मोज़ेक, किताब-ए-हुनर - पुस्तक आवरण डिज़ाइन प्रतियोगिता, गंचिलो - क्रोशिया, वनस्पतिक रंग - इको-प्रिंट /"टी-टेबल रनर/", नृत्य विलास - अर्ध-शास्त्रीय, फ्यूजन नृत्य, सरगम सूत्र - वाद्य शास्त्रीय, थार ट्यून्स - राजस्थानी लोकगीत, पैंटोमाइन- माइम, पिएत्रा ड्यूरा - संगमरमर/शंकु कला, क्यूबिस्ट, कैनवास - क्यूबिज़्म कला, रॉग रिदम्स - स्ट्रीट बैंड, चंबा रूमाल - कढ़ाई, मतीर काज - क्ले मॉडलिंग, शिबोरी - टाई एंड डाई, पेट्रीज़री, लोक रास - लोक नृत्य. नृत्य विलास - अर्ध-शास्त्रीय फ्यूजन नृत्य, सरगम सूत्र - वाद्य शास्त्रीय, थार ट्यून्स - राजस्थानी लोकगीत, पैंटोमाइन - माइम, लोक रास - लोक नृत्य में अपनी योग्यता, कल्पना, भावों एवं विचारों को कैनवास एवं मंच पर अभिव्यक्त करके अपनी बहुमुखी प्रतिभा एवं कला का प्रदर्शन करेंगे।

### यह स्कूल ले रहे हिस्सा

इसमें देश के प्रतिष्ठित विद्यालयों बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल बहल, एमजीडी, जयपुर, मेयो कॉलेज गर्ल्स अजमेर, कासिगा स्कूल देहरादून, वेलहम गर्ल्स देहरादून, यादवेंद्र पब्लिक स्कूल पटियाला, सिंधिया स्कूल ग्वालियर, सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर, सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल देहरादून, दिल्ली पब्लिक स्कूल पठानकोट, पाइनग्रोव स्कूल सोलन, सनबीम इंग्लिश स्कूल भगवानपुर, सनबीम स्कूल एवं होस्टल वरुणा, सनबीम स्कूल सारनाथ, सनबीम स्कूल लहरतारा, ओ पी जिंदल मॉडर्न स्कूल हिसार, पंजाब पब्लिक स्कूल नाभा, दून गर्ल्स स्कूल देहरादून, एन॰सी॰ जिंदल स्कूल नईदिल्ली, मान पब्लिक स्कूल नई दिल्ली, राज कुमार कॉलेज राजकोट एवं मेजबान विद्यालय विद्या देवी जिंदल स्कूल के लगभग 400 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### रोडवेज चालक संघ ने की महाप्रबंधक से मुलाकात

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज चालक संघ ने हिसार डिपो महाप्रबंधक राहुल मित्तल से मुलाकात की। चालक संघ ने महाप्रबंधक के समक्ष चालकों की समस्याएं रखीं, जिन्हें उन्होंने दूर करने का आश्वासन दिया। चालक संघ के हिसार डिपो प्रधान अमित जुगलान व हांसी सब डिपो प्रधान सतीश बामल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने महाप्रबंधक राहुल मित्तल से मुलाकात की। मिलने वालों में उपरोक्त के अलावा सूरजमल पाबड़ा, सत्यवान, जगबीर यादव, सुशील माढ़ा व धर्मवीर सहित अन्य भी थे। सभी ने जीएम को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया और उन्हें चालक वर्ग की समस्याओं से अवगत करवाया।



### ओपी जिन्दल की 95वीं जयंती पर किया हवन

**हिसार।** औद्योगिक जगत को नई दिशा देने वाले महान दूरदर्शी, समाजसेवी एवं पूर्व बिजली मंत्री स्व. ओम प्रकाश जिन्दल की 95वीं जयंती ओपी जिन्दल पार्क, गुजरी महल में श्रद्धा एवं भावनाओं में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ से हुई, जिसमें शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। हवन में आहुतियां देते हुए सभी ने ओपी जिन्दल के सपनों का भारत निर्माण करने का संकल्प लिया। शहर में एकतरफ जहां हवन यज्ञ का आयोजन किया गया तो दूसरी तरफ हिसार की सब्जी मंडी क्षेत्र में मिठाइयों व फलों का वितरण भी किया गया।



### मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गुरुवार दिल्ली उदित कुंज फाउंडेशन द्वारा 7वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता उदित कुंज फाउंडेशन के निर्देशक, संस्थापक व एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के पूर्व विद्यार्थी कुलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को इन विषयों पर गहन जानकारी दी। उन्होंने जीवन में मानसिक संतुलन, सही-गलत का फर्क समझने और नशे से दूर रहने के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया और इसे बेहद उपयोगी बताया। स्कूल प्राचार्या ऋतु सिंह ने कहा कि विद्यार्थी कुलबीर सिंह के द्वारा बताए गए पद चिन्हों पर चले। और अपनी सकारात्मक सोच के साथ समाज का नवनिर्माण करें। इस अवसर पर उप प्राचार्य महेंद्र सिंह व मिडिल विंग इंचार्ज पवन बंसल सहित स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक समिति प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल संचालन पर विद्यालय परिवार को बधाई दी।





### बच्चों ने नशे के खिलाफ निकाली तिरंगा रैली

**हांसी।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के पांच साल पूरे होने पर राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने विशेष तिरंगा युवा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। गुरुवार सुबह निकाली यह रैली 1 से 13 अगस्त तक चलने वाले विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा है। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश खोथ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जन जागरुकता रैली में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल से शुरू हुई। इसमें 300 से अधिक छात्रों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण विभाग के धर्मवीर पानू ने की। स्कूल प्रिंसिपल राजेश भड़ाना और जिला सुकून काउंसलर राहुल शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरुकता रैली हांसी शहर के सभी मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान छात्रों ने नशा विरोधी नारे लगाए और तिरंगा लहराकर शहरवासियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। एसडीएम ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नशा एक मानसिक रोग है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

### हनु सिराधना ने 14वें हिसार कराटे कप में जीता स्वर्ण पदक

**हिसार।** सूरज स्पोर्ट्स अकेडमी, सुंदर नगर में आयोजित 14वें हिसार कराटे कप में 21 स्कूलों एवं अकादमियों के लगभग 270 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में लिटिल मंचकिंग प्ले स्कूल, सेक्टर 14 की यूकेजी कक्षा की कराटे खिलाड़ी हनु सिराधना ने अंडर-7 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यालय की कराटे प्रशिक्षक आरुषि सैनी ने बताया कि हनु इससे पूर्व भी कई कराटे प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। हनु के पिता हरीश सिराधना हिसार के प्रसिद्ध कराटे कोच होने के साथ-साथ एक एशियाई कराटे रेफरी भी हैं। विद्यालय के निदेशक सुखदेव ढाका ने जानकारी दी कि हनु सिराधना अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति के कारण इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी अपना नाम दर्ज करवा चुकी हैं।



हिसार। स्वर्ण पदक विजेता हनु सिराधना।

## प्रथम इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्रोग्राम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित प्रथम इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्रोग्राम मे से 28 छात्राओं ने रॉयल लाइव बेकरी से प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षणार्थी छात्राएं इस अवसर पर उपस्थित रहीं। रॉयल लाइव बेकरी की ओर से 4 से 6 सप्ताह तक चले समर इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रायोजित करने वाली संगिनी एनजीओ की टीम भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रही। संगिनी एनजीओ की चेयरपर्सन सुनीता अग्रवाल ने कहा कि कौशल विकास ही इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ह। विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यावसायिक, व्यावहारिक और उद्योग-उन्मुख कौशल से सुसज्जित करना है। एनजीओ द्वारा छात्राओं के प्रशिक्षण के लिए 70 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। समापन समारोह के दौरान छात्राओं को रॉयल लाइव बेकरी की ओर से प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



हिसार। छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते एनजीओ पदाधिकारी व कॉलेज स्टाफ।

**समाधान** | समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने सुनीं जनसमस्याएं, दिए निर्देश

# सीएम विंडो एवं एसएमजीटी पर लंबित शिकायतों का निपटारा शीघ्रता से करें अधिकारी : यादव

जल जनित बीमारियों की रोकथाम की मांग पर फोगिंग करवाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। समाधान शिविर में पीजीटी के शिक्षकों द्वारा वेतन न मिलने की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव कुलेरी के एक व्यक्ति की मीटर चोरी की शिकायत व गांव स्याहड़वा निवासी मंजीत कुमार द्वारा बिजली बिल कम करवाने की मांग पर उपायुक्त ने डीएचबीवीएन के एसई को मामले की जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं आर्य नगर निवासी सतीश कुमार द्वारा गांव में जल जनित बीमारियों की रोकथाम की मांग पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को गांव में व्यापक स्तर पर फोगिंग करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त अनीश यादव ने विकास एवं पंचायत विभाग, समाज कल्याण, बिजली निगम, नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सीएम विंडो एवं एसएमजीटी से संबंधित लंबित शिकायतों का निपटारा शीघ्र करने के निर्देश दिए हैं।




हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

### हर घर तिरंगा अभियान में हर्षोल्लास से करें प्रतिभागिता

**हिसार।** उपायुक्त ने अनीश यादव ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हम सभी के लिए आन-बान और शान का प्रतीक है। इसलिए प्रत्येक नागरिक हर्षोल्लास से हर घर तिरंगा अभियान में अपनी प्रतिभागिता दर्ज करें। वे तीन चरणों में चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में बुलाई गई बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी/कर्मचारी अभियान की सफलता को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य करें। केन्द्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा भी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेवारियां लगाई गई हैं। अभियान का पहला चरण 8 अगस्त का संपा होगा, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों में प्रदर्शनियों का आयोजन, स्कूल, कालेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं और प्रतियोगिताओं आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों व बाजारों में तिरंगे रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागे युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। दूसरे चरण में 9 से 12 अगस्त के बीच तिरंगा महोत्सव के रूप में एक बड़ा आयोजन किया जाएगा।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

**The Uklana Mandi Co-op. Marketing Society Ltd.**

चुनाव सूचना

सभी समिति सदस्यों को सूचित किया जाता है कि इस समिति की प्रबन्धक कमेटी के चुनाव के लिए जोन व वोटर लिस्ट (टेन्टेटिव) का प्रदर्शन निम्न स्थानों पर दिनांक 08-08-2025 को किया जा रहा है- 1. कार्यालय उप-रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ हिसार 2. कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां हिसार 3. कार्यालय निरिक्षक सहकारी समितियां उकलाना पुरानी अनाज मण्डी 4. कार्यालय सहकारी विपणन समिति लि. उकलाना नई अनाज मंडी दुकान न. 223, 5. दी हिसार केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा उकलाना नजदीक बस स्टैंड 6. उकलाना पैक्स 7. बुढाखेड़ा पैक्स 8. दी हिसार केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा व पेक्स चमार खेड़ा 9. दी किनाला पैक्स व केन्द्रीय सहकारी बैंक किनाला 10. दी हिसार केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा व पैक्स पाबड़ा 11. सहकारी बैंक शाखा व पैक्स गैबीपुर 12. सहकारी बैंक शाखा व पैक्स मतलोडा 13. सहकारी बैंक शाखा व पैक्स बरवाला 14. सहकारी बैंक शाखा व पेक्स सरसौद। यदि समिति के किसी सदस्य को जोन वोटर लिस्ट पर कोई एतराज है तो वह अपना एतराज लिखित में समिति कार्यालय दुकान न. 223, नई अनाज मंडी उकलाना में 26.08.2025 तक किसी भी कार्य दिवस को शाम 5:00 बजे तक दर्ज करना सकता है।

इसके बाद कोई आपत्ति दर्ज नहीं होगी। आपतियों पर सुनवाई जोनल कमेटी द्वारा दिनांक 28-08-2025 को की जाएगी।

प्रबंधक
दी उकलाना मंडी को-आप्रेटिव मार्केटिंग सोसाइटी लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय फेंसिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता 10 से

**हांसी।** हिसार जिला फेंसिंग एसोसिएशन की एक बैठक अध्यक्ष हरके राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अंडर-17 कैडेट जिला फेंसिंग चैंपियनशिप (लड़के व लड़कियां) का आयोजन 10 अगस्त को एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल, सिसाय, में किया जाएगा। चैंपियनशिप में हिसार जिले के सभी अंडर-17 आयु वर्ग के लड़के व लड़कियां भाग ले सकते हैं। चयनित खिलाड़ी आगामी अंडर-17 कैडेट राज्य फेंसिंग चैंपियनशिप में हिसार जिले

### ओशो ध्यान उपवन में 17 को मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 17 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर ध्यान शिविर का आयोजन करके श्रीकृष्ण के दर्शन से साधकों को रूबरू करवाया जाएगा। इस ध्यान शिविर में तीन सत्र रहेंगे और विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे। ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में नियमित रूप से ध्यान सत्र और ध्यान शिविर

### जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 को पाबड़ा में

**हिसार।** जिले की जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 10 अगस्त को पाबड़ा खेल नर्सरी ग्राउंड में किया जाएगा। एथलेटिक्स हिसार महासचिव मनोज कड़वासरा व वरिष्ठ सह सचिव राजू कनोह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18 और अंडर-20 आयु जूनियर व सीनियर वर्ग के बालक व बालिकाएं भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर व 5000 मीटर रेस का

### अजय बेरवाल बने युवा कांग्रेस हांसी अध्यक्ष

**हांसी।** हांसी विधानसभा क्षेत्र से अजय बेरवाल युवा कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव जीत कर निर्वाचित हुए है। पूर्व चेयरमैन व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य सुभाष बेरवाल के पुत्र अजय बेरवाल ने बताया कि चुनाव की यह प्रक्रिया करीब तीन महीने चली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज के हर वर्ग की हितैषी है। और वह आने वाले समय में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इसके अलावा हांसी हलके की जनता की आवाज को बुलंद करते हुए उनकी समस्याओं का उठाने का कार्य करेंगे।

### आदमपुर में 16 को मनाया जाएगा जन्माष्टमी पर्व

**आदमपुर।** कस्बे के मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व 16 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर टेल वाला कुटिया हनुमान मंदिर, विष्णु मंदिर एवं हनुमान शिव मंदिर में झांकियों व भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा । इस दिन रात्रि 12 बजे कृष्ण जन्म के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### खड़े बरसाती पानी में काला तेल डलवाया

**हिसार।** मच्छरजनित बीमारियों के मध्यनजर नागरिक चेतना मंच के सहयोग से मलेरिया विभाग के स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सेक्टर 9-11 में खड़े बरसाती पानी में काला तेल डलवाया गया और टेमीफोस दवा का छिड़काव किया गया। डॉ. सुभाष ने नागरिक चेतना मंच के प्रधान सुभाष चंद्र जैन ने स्वास्थ्य विभाग का पूरा सहयोग करते हुए काले तेल का प्रबंध किया। स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा सेक्टर में घर घर जाकर कूलर, टंकी, कंटेनर,गमले इत्यादि चेक करने का कार्य किया तथा मलेरिया, डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक किया। डॉ. सुभाष ने शहर के सभी पार्षद से अपील करते हुए कहा कि मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए मलेरिया विभाग का सहयोग करें।

---

### डीसी ने अतिरिक्त संसाधन लगाकर जल्द से जल्द निकासी करने के दिए निर्देश

# बरसात के चलते जिले में डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में हुआ जलभराव

जलभराव के निकासी प्रबंधों की समीक्षा को लेकर डीसी ने प्रभावित गांवों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक ली



हिसार। बैठक को संबोधित करते उपायुक्त अनीश यादव। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारी बरसात के चलते जिले में डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में जलभराव के कारण जनजीवन व फसलों पर व्यापक असर पड़ा है। प्रशासन के तरफ से कई विभाग जलभराव के पानी को निकालने में लगे हुए है। इसके बावजूद कुछ गांवों में हालातों में कुछ अधिक सुधार होता नहीं दिखाई दे रहा है। जिले के गांव मिर्जापुर, पातन, धांसू, नियाणा, शिकारपुर, बुगाना, बास बादशाहपुर, बास अकबरपुर, पुट्ठी, चैनत, भाटला, मेंहदा तथा थुराना, सीसवाल, खासा महाजन, भाणा समेत कई गांवों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। गांव मिर्जापुर के रिहायशी इलाकों में भी जलभराव के कारण लोग परेशान है। उक्त गांवों में फसल तबाह हो गई है। हालांकि प्रशासन की तरफ से जल निकासी के कार्यों में भी तेजी से कार्य लगातार जारी है। जिन एरिया में हालात ज्यादा खराब है वहां पर उपायुक्त अनीश यादव ने अतिरिक्त पंप सैट, वीटी मोटर तथा पाइप की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए।

#### डीसी ने विभागों से ली प्रगति रिपोर्ट

जिले के विभिन्न गांवों में भारी बरसात के बाद हुए जलभराव की निकासी को लेकर किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने गुरुवार को सिंचाई विभाग, पंचायत विभाग, बिजली निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से अभी तक हुई प्रगति की रिपोर्ट ली। इस अवसर पर उन्होंने प्रभावित गांवों के सरपंचों व अन्य जनप्रतिनिधियों से भी अभी तक हुए कार्यों के बारे में प्रतिक्रियाएं ली। उपायुक्त ने उनसे अतिरिक्त प्रबंधों की जरूरतों के बारे में भी पूछा और उनके द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर अधिकारियों को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

#### फिलहाल जलभराव से परेशानी कम

एसडीएम ज्योति मित्तल ने आदमपुर क्षेत्र के बारे में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि यहां सीसवाल, खासा महाजन, भाणा इत्यादि गांवों में जलभराव हुआ था। फिलहाल बहुत कम स्थान ऐसे हैं, जहां जलभराव से परेशानी हो।

#### एसडीएम नारनौंद से लिया ब्योरा

बैठक में उपायुक्त को नारनौंद क्षेत्र में चल रहे प्रबंधों के बारे में अवगत करवाते हुए एसडीएम विकास यादव ने बताया कि क्षेत्र के गांव बास, बास अकबरपुर, पुट्ठी सहित कई गांवों में गत दिनों की भारी बारिश के उपरांत जलभराव हुआ था। लगातार पंप सेट लगाकर इन गांवों के खेतों से पानी निकाला जा रहा है। इसके अतिरिक्त आबादी क्षेत्र से जल निकासी का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

#### हांसी के 15 गांवों में हुआ था अधिक जलभराव

एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि हांसी के भी लगभग 15 गांवों में अधिक जलभराव हुआ था, इनमें चैनत, भाटला, मेंहदा तथा थुराना इत्यादि गांव प्रमुख हैं। इन गांवों से भी जल निकासी के लिए निरंतर प्रबंध किए जा रहे हैं। बैठक में विभिन्न गांवों के सरपंचों के साथ पहुंचे पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू तथा युवा भाजपा नेता संजीव गंगवा द्वारा अवगत करवाया गया कि गांव मिर्जापुर में अधिक जलभराव है। यहां आबादी क्षेत्र में भी पानी है। इसके अलावा गांव पातन, धांसू, न्याणा, शिकारपुर, बुगाना क्षेत्र भी प्रभावित हैं। इस पर उपायुक्त अनीश यादव ने अतिरिक्त पंप सैट, वीटी मोटर तथा पाइप की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए।

---



हिसार। रक्षाबंधन पर्व मनाते विद्यार्थी।

### इंडस आरपीएस स्कूल में मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**हिसार।** इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में राखी बनाने की प्रतियोगिता हुई। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। स्कूल के सभी विद्यार्थियों द्वारा अनाज, सब्जियां, पेड़ों की पत्ती, फूल, चॉकलेट, बिस्किट व अलग-अलग रंगों की मोतियों की विचित्र राखियां बनाई गईं। विद्यार्थियों द्वारा स्वयं बनाई गई राखियों ने इस पर्व को और भी विशेष बना दिया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉक्टर एकता सिंधु ने सबको रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन भाई बहन के स्नेह का अनोखा त्यौहार है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं, और भाई भी उनकी सुरक्षा के वचन देते हैं। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में उत्साह और सौहार्द का वातावरण बना रहता है, जिससे इस पर्व की महत्ता और भी बढ़ जाती है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति और पारंपरिक मूल्यों से अवगत कराने का प्रयास किया जाता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।



हांसी। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ।

### एसडीएम जनसमस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निर्देश

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कॉलोनियों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर एसडीएम ने गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। गांव ढाणी गुजरान निवासी रामनिवास व न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी चंद्रमुखी ने अपनी बुढ़ापा पेंशन तथा हनुमान कॉलोनी निवासी पवन कुमार ने विदुर पेंशन बनवाने संबंधित आवेदन शिविर में प्रस्तुत किए। एसडीएम राजेश खोथ ने मौके पर ही समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन तीनों मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर त्वरित आधार पर पेंशन बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाए। प्रस्तुत अन्य समस्याओं का भी त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

---

## डीपीएस के छात्रों का वन डे एज ए साइंटिस्ट कार्यक्रम के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ विद्यार्थी व शिक्षक।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के होनहार छात्रों कक्षा 9वीं के गुरु प्रसाद और कक्षा 10वीं के सागर का चयन वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, भारत सरकार और जिज्ञासा द्वारा आयोजित वन डे एज ए साइंटिस्ट कार्यक्रम के लिए हुआ। यह कार्यक्रम 24 जुलाई को इंस्टिट्यूट ऑफ माइक्रोबियल टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। विज्ञान संकाय प्रमुख डॉ. विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को वैज्ञानिक अनुसंधान की वास्तविक दुनिया से रूबरू कराना था। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न तकनीकी विषयों पर व्याख्यान व प्रायोगिक सत्रों में भाग लिया, जिनमें असिमेट्रिकल फाइबर अरेंजमेंट, केमिकल बॉन्डिंग,अल्ट्रा वायलेट किरणों का प्रभाव, प्रयोगशाला उपकरणों का उपयोग, हैंड-ऑन प्रयोग, प्रयोगशाला सुरक्षा और स्वच्छता प्रोटोकॉल, सूक्ष्मजीवों पर विभिन्न रसायनों का प्रभाव, रंग बदलने वाले बैक्टीरिया का उपयोग और एंटी-काउंटरफिटिंग तकनीक में उनका महत्व, रोडोपसिन का वैज्ञानिक अध्ययन और भूमिका, अनुसंधान में करियर के अवसर के बारे में जानकारियां प्राप्त की। इस उपलब्धि पर स्कूल डायरेक्टर निहाल सिंह और प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने चयनित छात्रों, अभिभावकों, विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विकास शर्मा व अध्यापकों को बधाई दी।

### कमेटी कटला के आजीवन सदस्यों की जल्द तैयार होगी लिस्ट : प्रशासक

**हिसार।** श्रीरामलीला कमेटी कटला के प्रशासक पद पर नियुक्त एनके गोयल ने कहा है कि कमेटी के सभी आजीवन सदस्यों की वोटर लिस्ट तैयार की जा रही है।

कुछ सदस्यों ने सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक अपना सदस्यता शुल्क सीधे यूपीआई आदि के माध्यम से बैंक में जमा करवा दिया है, परंतु उन्होंने ट्रांजैक्शन आईडी उपलब्ध नहीं करवाई है।

गोयल ने ऐसे सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे अपनी ट्रांजेक्शन आईडी का स्क्रीनशॉट, सदस्यता क्रमांक तथा आधार कार्ड की फोटोकॉपी प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त कर लें।

## योग प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल की काव्या कुमारी ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कांस्य पदक विजेता काव्या कुमार प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल एवं अन्य शिक्षिकाओं के साथ।

एमेच्योर योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा सातवीं की प्रतिभावान छात्रा काव्या कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

काव्या की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि काव्या जैसी प्रतिभाएं देश का नाम रोशन करने की क्षमता रखती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने काव्या की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि काव्या योग के प्रति बेहद समर्पित और जुनूनी छात्रा है। हर प्रतियोगिता के लिए वह मेहनत और लगन से तैयारी करती है, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद ने भी काव्या की प्रशंसा करते हुए कहा कि कक्षा सातवीं की छात्रा काव्या ने योग में जो मुकाम हासिल किया है, वह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

---




हिसार। महिला कर्मचारियों से राखी बंधवाते मेयर प्रवीण पोपली व उनकी धर्मपत्नी मंजू पोपली। *फोटो :हरिभूमि*

### रक्षाबंधन पर्व पर नगर निगम की महिला कर्मचारियों ने मेयर को बांधा रक्षा सूत्र

**हिसार।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर नगर निगम के मुख्य सभागार में गुरुवार को मेयर प्रवीण पोपली व उनकी धर्मपत्नी मंजू पोपली ने निगम की महिला कर्मचारियों को अपनी बहन मानते हुए रक्षा सूत्र बंधवाया। इस अवसर पर सबसे पहले अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने भी मेयर प्रवीण पोपली और उनकी धर्मपत्नी मंजू पोपली को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि नगर निगम में कार्य करने वाली सभी महिलाएं मेरी माता और बहन के सम्मान है। उन्होंने कहा कि मैं आप सबको विश्वास दिलाना चाहूंगा कि भविष्य में आपको किसी प्रकार की कोई समस्या आने नहीं दी जाएगी। महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर बने इसका संकल्प भी हमने लिया है।

## महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के खिलाड़ियों का जलवा

- ब्लॉक स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्राचार्या व स्टाफ सदस्यों के साथ।

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अदम्य ऊर्जा, मेहनत और खेल भावना से ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में धमाकेदार प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह गौरवपूर्ण क्षण न केवल विद्यालय परिवार के लिए, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

विद्यालय की अंडर-19 गोला फेंक प्रतियोगिता में छात्र शुभम ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया व अंडर 14 गोला फेंक प्रतियोगिता में नय छात्र राहुल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन दोनों खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण के चलते विद्यालय का नाम ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।

सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि विद्यालय के दो खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह न केवल उनकी प्रतिभा का प्रमाण है बल्कि विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और खेलों के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव का 22 हजार का किया चालान



हांसी। ब्रेथ एनालाइजर से एल्कोहल टैस्ट करते पुलिस अधिकारी।

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस हांसी द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान एक कार चालक का ड्रिंक एंड ड्राइव का 22000 रुपये का चालान कर कार को इंपाउंड किया गया। सब इंस्पेक्टर साधुराम ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान टोल प्लाजा रामायण पर एक कार सवार व्यक्ति को कागजात जांच के लिए रोका गया तो मुंह से शराब की गंध आ रही थी। और उसने सीट बैल्ट भी नही लगाई हुई थी तथा उसके पास कार के कागजात भी नहीं थे। ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन, बिना डाक्यूमेंट्स तथा शराब पीकर वाहन चलाने के तहत ड्रिंक एंड ड्राइव का 22000 रुपये का चालान कर कार को इंपाउंड किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और स्वयं की व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है।

---

### अभिषेक बूरा व पूजा ढांडा ने एक-दूसरे को पहनाई रिंग

# इंटरनेशनल रेसलर पूजा ढांडा की बिजनेसमैन से हुई सगाई

- ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट को हरा चुकीं पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। सगाई की रस्म में शामिल दोनों परिवारों के सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

हरियाणा की इंटरनेशनल रेसलर हिसार निवासी पूजा ढांडा की बिजनेसमैन अभिषेक बूरा से सगाई हो गई है। तोशाम रोड स्थित ताज पैलेस में गुरुवार को दोनों ने एक-दूसरे को रिंग पहनाईं। इससे पहले पूजा और अभिषेक ने फोटोशूट भी कराया। दोनों की शादी 13 नवंबर को इसी पैलेस में होगी।

परिजनों के अनुसार पूजा अरेंज मैरिज कर रही हैं। उनके पिता अजमेर ढांडा ने रिश्ता तय किया है। इससे पहले 23 फरवरी को रोके की रस्म हुई थी। पूजा फिलहाल सुंदर नगर में रह रही हैं और हिसार में सीनियर कुश्ती ट्रेनर के रूप में सेवाएं दे रही हैं। पिता अजमेर ढांडा पशुपालन विभाग से चालक रिटायर्ड हुए थे। हिसार के महावीर स्टेडियम से पूजा ने कुश्ती की शुरुआत की थी और अब वह इस स्टेडियम में बच्चों को कुश्ती की ट्रेनिंग देती हैं।

#### जूडो से की शुरुआत बाद में कुश्ती में आई पूजा

जिले के गांव बुडाना की रहने वाली पूजा शुरुआती दिनों में पिता अजमेर ढांडा के साथ दौड़ने जाया करती थीं। वहीं से खेल को लेकर इनमें रुचि बढ़ती गई। पूजा ने जूडो से खेल जीवन की शुरुआत की। जूडो में पूजा ने नेशनल लेवल पर कई मेडल जीते। साथ ही इंटरनेशनल लेवल पर भी 3 मेडल हासिल किए हैं।

#### रेसलर कृपा शंकर ने रेसलिंग करने के लिए कहा

वर्ष 2009 एशियन जूडो चैंपियनशिप के दौरान रेसलर कृपा शंकर बिश्नोई से पूजा की मुलाकात हुई। कृपा शंकर ने पूजा को कुश्ती के लिए प्रेरित किया। इसके बाद 2010 यूथ ओलिंपिक गेम्स के 60 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर मेडल जीता।

#### ओलिंपिक मेडलिस्ट को दो बार हराया

पूजा ने ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट हेलन मारोलिस को दो बार हराया था। वर्ष 2018 में प्रो रेसलिंग लीग में पूजा ढांडा ने पंजाब रॉयल्स की ओर से खेलते हुए हेलन को दो हफ्तों में दो बार मात दी। इसके बाद हेलन पूजा की फैन हो गई थीं।

#### पूजा ने ठुकराया दंगल फिल्म का ऑफर

पूजा को आमिर खान की दंगल फिल्म में बबीता फोगाट का रोल ऑफर हुआ था लेकिन इंजरी के चलते मना करना पड़ा। पूजा ने बबीता को हराकर ही पहली नेशनल चैंपियनशिप जीती थी।

#### कॉमनवेल्थ में जीते दो गोल्ड मेडल

पूजा ने 2013 और 2017 में साउथ अफ्रीका में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीते। वर्ष 2014 एशियन चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मिला। 2016 में इंजरी के कारण रियो ओलिंपिक मिस किया। इंजरी को ठीक करने के लिए पसीना बहाना पड़ा। रिहैब के बाद भी पूजा ढांडा मैट पर जाकर वह सब करने के योग्य नहीं हुईं थी, जिनके लिए उन्हें जाना जाता था।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव

परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा

कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें:
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand,
Rishi Nagar, Hisar